है) यूनिटों को चालू करने की इस समय आशयित तिथियां निम्नलिखित हैं :—

(1) 15 मैगावाट यूनिट मार्च/अप्रैल, 1966

(2) पहली 62.5 यूनिट सितम्बर/अक्टूबर, 1966

(3) दूसरी 62.5 यूनिट फरवरी, 1967

(4) तीसरी 62.5 यूनिट अप्रैल, 1967

(ख) अभी तक दिल्ली प्रसाशन ने ऐसा कोई अनुमान नहीं लगाया है । फिर भी, दिल्ली बिजली सम्भरण उपक्रम लघु उद्योगों के लिये बिजली की मांग को पूर्ण रूप से पूरा करने की आशा रखता है ।

कानपुर और जालोन में आयकर अधिकारियों द्वारा छापे

306. श्री बड़े :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री युद्धवीर सिंह :

क्या वित्त मंत्री 9 दिसम्बर, 1965 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2211 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस बीच उन मामलों की जांच पूरी हो चुकी है, जिनके सम्बध में आयकर अधिकारियों द्वारा जालोन तथा कानपुर, में 23 और 24 नवम्बर, 1965 को छापे मारे गये थे ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है ?

वित्त मंत्री (श्री शचीन्द्र चौधरी) : (क) पूछ-ताछ अभी भी जारी है ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

2435 (A) i LS—4

दिल्ली में अस्पताल

307. श्री युद्धवीर सिंह :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री बड़े :

क्या स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली के अस्पतालों में रोगियों को दवा आदि लेने में कई घण्टे लग जाते हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इस प्रणाली को सुधारने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन मंत्री (डा० सुशीला नायर) : (क) जी नहीं ।

(ख) यह प्रश्न नहीं उठता ।

दिल्ली में गन्दी बस्तियां

308. श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री बड़े :
श्री युद्धवीर सिंह :
श्री गुलशन :

क्या निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली तथा इसके आस पास के क्षेत्रों से गन्दी बस्तियों को कब तक हटाने का सरकार का इरादा है ; और

(ख) ऐसी बस्तियों की संख्या कितनी है और ये कहां कहां हैं ?

निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्री (श्री मेहर चन्द खन्ना) : (क) कोई अनुमान देना कठिन है । यह निर्भर करेगा (क) उन क्षेत्रों के मालिकों के सहयोग पर जो कि गन्दी बस्तियों के विकास और सफाई के क्षेत्रों के हैं ; (ख) जिन स्थानों पर इस समय गन्दी बस्तियों के रहने वाले रह रहे हैं उन स्थानों से दूसरे स्थानों पर जाने की उनकी स्वेच्छा पर ; (ग) शहर के